हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज आइकॉन

T.C. NO. MAHHIN10172

संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला | ईमेल: newsicon2021@gmail.com | मूल्य: रु. - 2/-

वर्षः 1 | अंकः 55 | पृष्ठः 8 | शुक्रवार 27 मई से 02 जून 2022

# पटियाला जेल में नवजोत सिंह सिद्धू को मिला क्लर्क का काम

**मंबई :** 1988 के रोड रेज मामले में दोषी पाए गए पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू पटियाला सेंट्रल जेल में काम मिल गया है। खराब स्वास्थ्य के चलते उन्हें कठोर काम से परहेज है, इसलिए वे जेल में क्लर्क के तौर पर काम करेंगे। शुरूआती तीन महीने के प्रशिक्षण के कारण उन्हें पहले 90 दिन तनख्वाह नहीं मिलेगी। जानिए, सिद्धू को कितनी सैलरी मिलेगी और क्या काम करना होगा. जेल नियमावली के अनुसार सिद्धू को पहले 90 दिनों तक भुगतान नहीं किया जाएगा। तीन महीने का प्रशिक्षण दिया जाएगा और उन्हें सिखाया जाएगा कि अदालत के लंबे फैसलों को कैसे संक्षिप्त किया जाए और जेल रिकॉर्ड कैसे संकलित किया



जाए। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद 40 रुपये से 90 रुपये प्रति दिन के बीच मजदूरी मिलेगी। उनका वेतन उनके कौशल के आधार पर तय किया जाएगा और कमाई उनके बैंक खाते में जमा की जाएगी। जेल के एक अधिकारी के मुताबिक नवजोत सिद्धू बैरक से ही काम करेंगे क्योंकि वह एक हाई-प्रोफाइल कैदी है। जेल की फाइलें उन्हें बैरक में भेजी जाएंगी क्योंकि उन्हें अपने सेल से बाहर निकलने की अनुमति नहीं होगी। गौरतलब है कि क्रिकेटर से नेता बने सिद्धू को 1988 के रोड रेज मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 19 मई को एक साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी। जिसके बाद उन्होंने 20 मई को पटियाला की निचली अदालत में आत्मसमर्पण किया था। सिद्धू को जिस बैरक में रखा गया है, उसके अंदर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।






# मुंबई में अब हेलमट ना पहनना पड़ेगा भारी

## जुर्माने के साथ 3 महीने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस होगा रद



**मुंबई।** हेलमट को लेकर मुंबई ट्रैफिक पुलिस अब सख्त हो गई है। अब अगर कोई भी मोटरसाइकिल पर पीछे बिना हेलमट के बैठेगा तो उसपर सख्त कार्रवाई हो सकती है। मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने बुधवार को एक अधिसूचना जारी कर पीछे बैठने वालों के लिए भी हेलमेट अनिवार्य कर दिया है और नियम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी है। एक अधिकारी ने बताया कि यह नियम 15 दिनों के बाद लागू होगा, जिसके बाद यातायात अधिकारी उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। अधिसूचना के अनुसार, यातायात पुलिस ने पाया है कि शहर में अधिकांश दोपहिया सवार हेलमेट नहीं पहनते हैं और यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं। पुलिस के अनुसार उल्लंघन करने पर 500 रुपये के जुर्माने के साथ 3 महीने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस रद कर दिया जाएगा।

यह नया नियम सरकार द्वारा हाल ही में 1998 के मोटर वाहन अधिनियम को संशोधित करने के बाद आया है। जिसमें दोपहिया सवारों के लिए ठीक से हेलमेट नहीं पहनने पर 2,000 रुपये तक का तत्काल जुर्माना जोड़ा गया है। संशोधन के अनुसार, निम्नलिखित स्थितियों में 2,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है: यदि चालक ने हेलमेट पहना हुआ है लेकिन उसका बकल खुला हुआ है। इस पर भी 1,000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा।

यदि हेलमेट के भारतीय मानक ब्यूरो प्रमाणित नहीं है, तो आपसे 1,000 रुपए का जुर्माना लगाया जा सकता है।

अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन जैसे लाल बत्ती पार करने पर भी हेलमेट पहनने के बावजूद 2,000 रुपये का भारी जुर्माना लगाया जाएगा।

# औरंगाबाद में जल संकट, देवेंद्र फडणवीस ने पार्टी कार्यकताओं के साथ निकाला विरोध मार्च



**मुंबई।** महाराष्ट्र के औरंगाबाद में लोगों का पानी की किल्लत के कारण बुरा हाल है। भीषण गर्मी के बीच लू चल रही है। ऐसे में पानी की कमी लोगों के लिए बड़ी समस्या बन के उभरी है। पूर्व सीएम और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को औरंगाबाद में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जल संकट पर विरोध मार्च निकाला। इस जल आक्रोश मोर्चा में शहर के निवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बता दें कि दो दशकों से शहर में व्याप्त पानी की समस्या प्रतिदिन विकराल होती जा रही है। शहर के कुछ इलाकों में नागरिक हर सप्ताह या आठवे दिन में एक बार पानी की आपूर्ति के लिए शिकायत कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी सरकार ने मराठवाड़ा में पानी की कमी को दूर करने और इसे सूखा मुक्त बनाने के लिए पहले से स्वीकृत योजनाओं को रोक दिया है।

# महाराष्ट्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर मूल्य वर्धित कर में की कटौती




**मुंबई।** पेट्रोल-डीजल की कीमतों से केंद्र सरकार ने शनिवार को लोगों को बड़ी राहत दी। सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर लगने वाली एक्साइज ड्यूटी में कटौती का ऐलान करने के बाद, कई राज्य इस कड़ी में सामने आ रहे हैं। महाराष्ट्र सरकार ने रविवार को पेट्रोल पर मूल्य वर्धित कर (वैट) में 2.08 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 1.44 रुपये प्रति लीटर की कटौती की घोषणा की। महाराष्ट्र डीजीआइपीआर ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार का यह फैसला केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर उत्पाद शुल्क में कटौती के एक दिन बाद आया है। ज्ञात हो कि वैश्विक परिस्थितियों की वजह से लगातार बढ़ रही महंगाई से राहत देने के लिए सरकार ने एक साथ कई राहत भरे फैसले किए। एक बार फिर से सरकार ने पेट्रोल व डीजल पर लगने वाले उत्पाद शुल्क में कटौती करने का फैसला किया। पेट्रोल पर लगने वाले उत्पाद शुल्क में आठ रुपए तो डीजल पर छह रुपए की कटौती की गई। इससे पेट्रोल की कीमतों में 9.5 रुपए प्रति लीटर तो डीजल में सात रुपए प्रति लीटर की राहत मिल सकती है।



# मनसे ने ढूंढ निकाले बृजभूषण और शरद पवार के बीच ट्रैपिंग टूल्स वाले संबंध

**मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने राकांपा अध्यक्ष शरद पवार एवं उत्तर प्रदेश के भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के बीच ह्यट्रैपिंग टूल्सह्न वाले संबंध ढूंढ निकाले हैं। मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने रविवार को अपनी पुणे रैली में आरोप लगाया था कि उनकी पांच जून को प्रस्तावित अयोध्या यात्रा के दौरान उन्हें ट्रैप करने (फंसाने) की साजिश थी। इसलिए उन्होंने अपना दौरा स्थगित कर दिया। मनसे प्रवक्ता डॉ.वागीश सारस्वत ने मंगलवार को एक तस्वीर ट्वीट की है, जिसमें उत्तर प्रदेश के भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के एक ओर शरद पवार एवं दूसरी ओर उनकी सांसद बेटी सुप्रिया सुले बैठे दिखाई दे रहे हैं। सारस्वत ने इस तस्वीर के साथ लिखा है झ्रपूरी कहानी साफ है। ट्रैपिंग टूल्सह्न। जबकि भाजपा सांसद ने भी ये तस्वीर वायरल होने के बाद टीवी चैनलों से बात करते हुए माना है कि कुश्ती संघ के कारण उनके शरद पवा से अच्छे संबंध हैं। सिंह ने कहा है कि



वह शरद पवार का सम्मान करते हैं। वह एक अच्छे नेता हैं। राज ठाकरे को उनसे सीखना चाहिए। बता दें कि जो तस्वीर मनसे प्रवक्ता वागीश सारस्वत सहित कुछ अन्य मनसे नेताओं ने ट्वीट की है, वह 2018 में महाराष्ट्र के मावल में हुए एक कुश्ती कार्यक्रम की है। इस कार्यक्रम में बृजभूषण शरण सिंह कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष एवं शरद पवार महाराष्ट्र कुश्ती महासंघ के संरक्षक के नाते मौजूद थे। राज ठाकरे ने रविवार को कहा था कि उन्हें महाराष्ट्र से लेकर उत्तर प्रदेश तक से पता चला है कि उनकी प्रस्तावित अयोध्या यात्रा के दौरान उन्हें फंसाने की साजिश रची जा रही थी। महाराष्ट्र से कुछ लोग चाहते थे कि इस यात्रा के दौरान कुछ अप्रिय घटनाएं घटें और उनके कार्यकताओं और पदाधिकारियों को लंबे समय तक जेल में डाला जा सके।

चूंकि महाराष्ट्र में अगले कुछ दिनों में कई प्रमुख नगर निगमों के चुनाव होने हैं। इसलिए मुझे यह उचित नहीं लगा और मैंने अपना दौरा स्थगित कर दिया। मनसे नेता संदीप देशपांडे कहते हैं कि राज ठाकरे ने अपना अयोध्या दौरा करीब डेढ़ साल पहले घोषित किया था। उस समय बृजभूषण शरण सिंह ने इसका विरोध क्यों नहीं किया ? देशपांडे के अनुसार राज ठाकरे ने हाल ही में तीन रैलियां करके जब राकांपा का पदार्फाश किया, तभी से ये अड़चनें शुरू हुई। लेकिन राकांपा मनसे के इस आरोप को बचपना करार दे रही है। राकांपा के अनुसार इस प्रकार को शरद पवार के साथ खुद राज ठाकरे की भी तस्वीरें मौजूद हैं। उसका क्या अर्थ निकाला जाए ? महाराष्ट्र के गृहमंत्री दिलीप वलसे पाटिल ने भी मनसे द्वारा जारी तस्वीर को एक कुश्ती कार्यक्रम की ही पुरानी तस्वीर बताते हुए कहा कि इस तस्वीर का राजनीति से कोई लेनादेना नहीं है।

## पटना की सड़कों पर डीजल-पेट्रोल से चलने वाले ऑटो व बसों पर आज से बैन

**पटना।** वायु प्रदूषण को लेकर राजधानी में डीजल व पेट्रोल से चलने वाले आटो सहित नगर सेवा की बसें आज से नहीं चलेंगी। प्रशासन इसके लिए वाहन चालकों को पहले ही निर्देश जारी कर चुका है। ऐसे वाहन एक अप्रैल से यदि सड़कों पर चलते मिले तो उनपर कार्रवाई की जाएगी।

उधर इससे आटो चालकों में खलबली है। आटो संघ ने सरकार के इस निर्णय का विरोध किया है। संघों ने डीजल व पेट्रोल से चलने वाले वाहन को सीएनजी में बदलने के लिए और समय देने की मांग की है। ऐसा नहीं करने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा की है।

दरअसल प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए सरकार ने डीजल व पेट्रोल से चलने वाले आटो सहित बसों के संचालन पर प्रतिबंध की घोषणा की है। काफी आटो व वाहनों को सीएनजी में बदल दिया गया है। बावजूद इसके वर्तमान में पटना में 20 हजार से ज्यादा आटो डीजल व पेट्रोल से चल रहे हैं।

## महाराष्ट्र पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते ने लश्कर से संबंध के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**मुंबई :** महाराष्ट्र पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने लश्कर से संबंध रखने के आरोप में जुनैद नामक एक व्यक्ति को पुणे से गिरफ्तार किया है। विशेष अदालत ने जुनैद मोहम्मद को तीन जून तक एटीएस की हिरासत में भेज दिया है। एटीएस अधिकारियों के अनुसार उन्हें आतंकी फंडिंग की जांच के दौरान जुनैद के बारे में पता चला था। जुनैद पुणे में अपने कुछ रिश्तेदारों के साथ रह रहा था। उसे दस हजार रुपए किसी आतंकी संगठन से प्राप्त हुए



थे। वह पुणे में रहकर आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के लिए भर्तियां कर रहा है। एटीएस के अनुसार उसके संबंध जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान के कई आतंकी संगठनों से थे। वह अपने मोबाइल नंबर बदल-बदल कर कई इंटरनेट समूहों के जरिए आतंकी संगठनों के संपर्क में रहता था।

## महाराष्ट्र एटीएस ने लश्कर से जुड़े जुनैद को स्पेशल कोर्ट में किया पेश, मिली तीन जून तक की रिमांड

**मुंबई।** महाराष्ट्र एटीएस ने मंगलवार को टेरर फंडिंग मामले में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। उसे आज यानी मंगलवार को पुणे की विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे तीन जून तक एटीएस की कस्टडी में भेज दिया गया।




महाराष्ट्र एटीएस के मुताबिक, हिरासत में लिया गया आरोपी जुनैद एक भारतीय नागरिक है, जो पुणे में रहता है। वह लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी नेटवर्क से जुड़ा था। जुनैद की भूमिका लश्कर के लिए आतंकवादियों की भर्ती करने की थी। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है।

# संपादकीय



संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला

## चीन के 'माया' जाल से देशों को बचाने की भी बनेगी रणनीति!



जापान में होने जा रहे क्वाड शिखर सम्मेलन पर दुनिया की दिलचस्पी होना स्वाभाविक है, क्योंकि यह सम्मेलन ऐसे अवसर पर होने जा रहा है, जब यूक्रेन पर रूस के हमले जारी हैं और उसके प्रमुख सहयोगी चीन के अड़ियल रवैये में कोई कमी आती नहीं दिख रही है। भले ही क्वाड केवल चार देशों-भारत, जापान, अमेरिका और आस्ट्रेलिया की सदस्यता वाला समूह हो, लेकिन वह अपनी साझा रीति-नीति से पूरी दुनिया को प्रभावित करने की क्षमता रखता है।चूंकि चीन भारत समेत इन सभी देशों के लिए किसी न किसी रूप में चुनौती बन गया है, इसलिए क्वाड शिखर सम्मेलन की ओर से उसे लेकर कोई कठोर बयान जारी किया जा सकता है। ऐसे किसी बयान मात्र से चीन की सेहत पर असर पड़ने के आसार कम ही हैं, इसलिए क्वाड को उन उपायों पर ध्यान देना होगा, जिससे चीन की अकड़ ढीली पड़े इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि चीन विभिन्न देशों की सुरक्षा के साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए भी खतरा बन गया है। वह अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों को धता बताने के साथ ही छोटे-छोटे देशों को अपने कर्ज के जाल में फंसाकर उनका जिस तरह शोषण कर रहा है, उससे विश्व व्यवस्था के अस्थिर होने का खतरा पैदा हो गया है। शायद इसी कारण भारतीय प्रधानमंत्री के जापान रवाना होने के पहले विदेश मंत्रालय ने यह रेखांकित किया कि क्वाड सम्मेलन में अन्य मसलों पर चर्चा के साथ इस पर भी विचार होगा कि विभिन्न देशों को कर्ज के उस भार से कैसे बचाया जाए, जो उनके लिए असहनीय साबित हो रहा है।

चूंकि क्वाड देशों में भारत अकेला ऐसा देश है, जिसकी सीमाएं चीन से मिलती हैं और वह लद्दाख सीमा पर अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है, इसलिए भारतीय नेतृत्व को कहीं अधिक सक्रियता दिखाने की आवश्यकता है। भारत को क्वाड के जरिये ऐसे उपायों पर भी विशेष ध्यान देना होगा, जिससे आर्थिक-व्यापारिक मामलों में चीन पर निर्भरता कम की जा सके। यह ठीक नहीं कि तमाम प्रयासों के बाद भी चीन से आयात में कोई उल्लेखनीय कमी आती नहीं दिख रही है। जब यह स्पष्ट है कि क्वाड का एक साझा उद्देश्य चीन की साम्राज्यवादी मानसिकता पर लगाम लगाना है, तब फिर सदस्य देशों को आर्थिक सहयोग के साथ अपने रक्षा संबंधों को सशक्त करने पर अधिक जोर देना होगा। इससे ही हिंद प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा के लिए चीन की ओर से पैदा किए जा रहे खतरों से पार पाया जा सकता है। यह सही समय है कि क्वाड के विस्तार को गति दी जाए। जो भी देश स्वतंत्र एवं खुले हिंद प्रशांत क्षेत्र के पक्षधर हैं और चीन की दादागीरी से त्रस्त हैं, उन्हें क्वाड का हिस्सा बनाने में देर नहीं की जानी चाहिए।

# ज्ञानवापी सर्वेक्षण

## साक्षात हैं प्रमाण लेकिन, फिर भी हो रहा हिंदू आस्था का अपमान आखिर कब तक !

अयोध्या विवाद के समाधान के बाद अब काशी में ज्ञानवापी और मथुरा में शाही ईदगाह विवाद भी निर्णायक दौर में पहुंच रहे हैं । ज्ञातव्य है कि श्री राम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ के समय से ही उत्तर प्रदेश में हिन्दू आस्था के तीन प्रमुख केन्द्रों को हिन्दुओं को सौंपे जाने की मांग हो रही है । इनमें श्री राम जन्म भूमि के अतिरिक्त जो दो अन्य केंद्र हैं वे श्री कृष्ण जन्मभूमि तथा ज्ञानवापी परिसर जिसके अन्दर प्राचीन श्री विश्वेश्वर महादेव ज्योतिर्लिंग विद्यमान माने जाते हैं। जब से काशी के ज्ञानवापी परिसर में सर्वेक्षण का आरम्भ हुआ, वहां से लगातार उस स्थल के प्राचीन मंदिर होने के प्रमाण सामने आ रहे थे और अंतिम दिन तो शिवलिंग ही प्राप्त हो गया।प्राचीन मंदिर मिलने के बाद जहाँ पूरे देशभर में शिवभक्तों में प्रसन्नता और हर्ष की लहर दौड़ गयी वहीं सेकुलर राजनैतिक दलों ने अपनी विकृत राजनीति शुरू कर दी। भाजपा विरोधी सभी राजनैतिक दलों के नेता और उनके सहयोगी इस समय टीवी चैनलों पर आकर तथा सोशल मीडिया में न केवल हिंदू समाज, भाजपा व संघ के खिलाफ अपमानजनक बयानबाजी कर रहे हैं वरन भगवान शिव, शिवलिंग और सनातन धर्म पर भी अभद्र टिप्पणी करके देश का वातावरण जहरीला बनाने का प्रयास कर रहे हैं।यह सत्य सामने आ चुका है कि ज्ञानवापी परिसर के वजूखाने वाले स्थान पर शिवलिंग उपस्थित है। देश के मान्य पुरातत्वविद, इतिहासविद तथा मद्रास सहित कई आईआईटी प्रोफेसर पुष्टि कर रहे हैं कि यह शिवलिंग ही है, जबकि दूसरा क्यां पक्ष शरारती तौर ओपर इसे फौवारा कहकर उपहास करने का प्रयत्न कर रहा है क्योंकि अभी मामला न्यायालय में है अतः अंतिम निर्णय भी वहीं होगा कि यह क्या है। जैसे ही वादी पक्ष द्वारा ज्ञानवापी परिसर में शिवलिंग मिलने का दावा किया गया उसी समय से इन सभी हिंदू विरोधी ताकतों में हाहाकार मच गया और वे अनर्गल प्रलाप करने



लगे । चुनाव प्रचार के दौरान ये मक्कार दल अपने आपको सबसे बड़ा हिंदू साबित करने में लगे थे और मंदिर - मंदिर घूम रहे थे, कोई नेता अपने आपको शिवभक्त बता रहा था तो कोई रामभक्त और किसी के सपनों में सीधे श्री कृष्ण ही आने लगे थे लेकिन ज्ञानवापी की असलियत सामने आते ही इनकी भी असलियत सामने आ गयी ज्ञानवापी विवाद पर जब मुस्लिम पक्षकार ने कहा कि वहां पर शिवलिंग नहीं फौवारा मिला है तो सबसे पहले कांग्रेस के नेताओं ने भी यही बयान देकर मुसलमानों को कांग्रेस के उनके साथ खड़ा होने का संदेश दे दिया था । इसके बाद तो होड़ सी लग गयी। सपा, बसपा, टीमसी सहित वामपंथी विचारधारा के लोग सोशल मीडिया पर लगातार भगवान शिव तथा शिवलिंग पर बहुत ही अभद्र टिप्पणियां कर रहे हैं। तीन महिला मुस्लिम पत्रकारों तथा टीएमसी सांसद तथा हिन्दू कॉलेज के एक अध्यापक ने तो नीचता की सारी सीमाएं ही लांघ दीं । यह टिप्पणियां इतनी अश्लील और अभद्र है कि इनका उल्लेख नहीं किया जा सकता। यह हिंदू समाज का धैर्य ही है कि वह इनता सब कुछ सुनकर भी शांत रहकर माननीय न्यायपालिका पर भरोसा रखते हुए अंतिम निर्णय की प्रतीक्षा कर रहा है।अभी जब सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल ही रही थी उसी दिन (शुक्रवार 20.05.20222) को जिस प्रकार से मुस्लिम समाज ने ज्ञानवापी मस्जिद मे निर्धारित संख्या से अधिक जाकर नमाज अदा करने की कोशिश की वह यह बताता है कि एक पक्ष में धैर्य की कितनी कमी है और वह भीड़ की ताकत के बल पर हिंदू समाज को भी धमकाना चाह रहा है और देश की न्यायपालिका को भी परोक्ष रूप से धमकाना चाह रहा था। लेकिन देश की न्यायपालिका बहुत ही मजबूत कंधों पर स्थित है और वह किसी भी पक्ष के दबाव में आये बिना अपना काम कर रही है।


सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान भी मुस्लिम पक्षकार विवाद के चलते साम्प्रदायिक सौहार्द्र बिगड़ने की धमकी दे रहे थे लेकिन माननीय न्यायालय उनके दबाव में नहीं आया और संतुलन स्थापित करते हुए सराहनीय आदेश दिया । कुछ राजनैतिक दल कितनी नीचता पर उतरे हुए हैं इसका अनुमान लखनऊ विश्व विद्यालय की एक घटना से लगाया जा सकता है जहाँ एक प्रोफेसर ने भगवान शिव, शिवलिंग व हिंदू देवी- देवताओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां करके वातावरण को खराब करने का प्रयास किया। जब प्रशासन ने उनके खिलाफ कार्यवाही शुरू की तब पर्दे के पीछे से जो राजनैतिक दल उनको अपना संरक्षण प्रदान कर रहे थे, वह सभी दल बाहर आ गये। विश्व विद्यालय के रिटायर्ड शिक्षकों सहित सपा, बसपा, वामपंथी, छात्र संगठनों के समूह सहित प्रदेश की राजनीति में अपनी जमीन खो चुके भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर रावण भी मैदान में कूद पड़े।भगवान शिव का अपमान करने वाले प्रोफेसर के समर्थन में चंद्रशेखर रावण ने कहा कि वह सरकार से जवाब मागेंगे कि उप्र में यूपी में कानून का राज है या फिर मनुस्मृति का ? यह सभी दल चाहते हैं कि हिंदू समाज के लोग केवल और केवल अपना अपमान सहते रहें और उसके खिलाफ आवाज भी न उठायें। इन सेकुलर ताकतों की नजर में हिंदू समाज के पास अभिव्यक्ति की आजादी का व उसकी रक्षा करने का भी अधिकार नहीं प्राप्त है जबकि तथाकथित अल्पसंख्यक समाज के लिए नकली आंसू बहाना ही सबसे बड़ा सत्य है। विरोधी दलों के बड़े नेता भी नफरत भरे बयान दे रहे हैं। उप्र में समाजवादी नेता अखिलेश यादव जो विधानसभा चुनावों में ब्राहमण समाज के वोटों के लिए लालायित हो रहे थे और अयोध्या के लिए बड़ी- बड़ी घोषणाएं कर रहे थे आज कह रहे हैं कि बीजेपी वाले कुछ भी करा सकते हैं। एक समय में इन लोगों ने रात के अंधेरे में मूर्तियां रखवा दी थीं .

# ट्रेनी आइएएस अफसरों को नीतीश कुमार ने पढ़ाया कर्तव्य का पाठ

## बताई बिहार सरकार की प्राथमिकताएं





**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को एक अणे मार्ग स्थित संकल्प कक्ष में भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2020 बैच के सात प्रशिक्षु अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर उन्होंने इन अधिकारियों को कहा कि आप अच्छा काम करेंगे तो जनता के बीच आपकी काफी इज्जत बढ़ेगी। लोग काफी सम्मान देंगे और आपको भी अच्छा लगेगा।

चंद्रिमा अत्री, अभिषेक पलासिया, श्रीकांत कुंडालिक खांडेकर, अनुपमा सिंह, प्रदीप सिंह, श्रेष्ठ अनुपम व कुमार निशांत विवेक। इन अधिकारियों ने मुख्यमंत्री से अपनी ट्रेनिंग के दौरान जिले में किए गए कार्यों के अनुभव को साझा किया। इन लोगों ने जीविका दीदियों के साथ अपनी बातचीत, कोविड-19 के दौरान की चुनौतियां, लोक शिकायत निवारण अधिनियम, बाढ़ के दौरान लोगों की सहायता आदि मसलों पर मुख्यमंत्री को विस्तार से बताया। नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में जबसे उन्हें काम करने की मौका मिला है तब से लोगों के विकास के लिए वह लगातार काम कर रहे हैं। जब विधायक और सांसद थे तब जन प्रतिनिधि के रूप में अपने क्षेत्र में हमेशा घूमते थे। इस दौरान लोगों से कई प्रकार की जानकारियां मिलती थीं। एक सर्वे में पता चला था कि यहां के लोगों को जो आमदनी होती है उनमें सबसे अधिक खर्च इलाज पर होता है।

हम लोगों ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतरी के लिए कई कार्य किए। बच्चों को स्कूल भेजने के लिए, कानून व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए लगातार काम किया गया। गरीब-गुरबा के उत्थान के लिए भी कई योजनाएं चलाई जा रहीं। पंचायत चुनाव एवं नगर निकाय चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। दस लाख से अधिक जीविका समूह का गठन किया गया। अब सात निश्चय-2 के तहत कई कार्य शुरू किए गए हैं।

# पटना की सड़कों पर डीजल-पेट्रोल से चलने वाले ऑटो व बसों पर आज से बैन

## कबाड़ हो जाएंगे 20 हजार वाहन





**पटना।** वायु प्रदूषण को लेकर राजधानी में डीजल व पेट्रोल से चलने वाले आटो सहित नगर सेवा की बसें आज से नहीं चलेंगी। प्रशासन इसके लिए वाहन चालकों को पहले ही निर्देश जारी कर चुका है। ऐसे वाहन एक अप्रैल से यदि सड़कों पर चलते मिले तो उनपर कार्रवाई की जाएगी। उधर इससे आटो चालकों में खलबली है। आटो संघ ने सरकार के इस निर्णय का विरोध किया है। संघों ने डीजल व पेट्रोल से चलने वाले वाहन को सीएनजी में बदलने के लिए और समय देने की मांग की है। ऐसा नहीं करने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा की है।

दरअसल प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए सरकार ने डीजल व पेट्रोल से चलने वाले आटो सहित बसों के संचालन पर प्रतिबंध की घोषणा की है। काफी आटो व वाहनों को सीएनजी में बदल दिया गया है। बावजूद इसके वर्तमान में पटना में 20 हजार से ज्यादा आटो डीजल व पेट्रोल से चल रहे हैं। वहीं, डीजल से चलने वाली 130 नगर सेवा और पथ परिवहन की 130 बसें भी राजधानी में सड़कों पर दौड़ रही है। इनपर एक अप्रैल से कार्रवाई शुरू की जाएगी।

पटना जिला आटो रिक्शा चालक संघ के अध्यक्ष चून्नू व कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने बताया कि सरकार की यह कार्रवाई सीधे तौर पर गरीब आटो चालकों के खिलाफ है। डीजल से चलने वाले आटो को सीएनजी में बदलने के लिए सरकार को आगामी तीन महीने तक अनुदान योजना को लागू रखना चाहिए।

# यूपी में हर हाथ को काम देने के लिए योगी सरकार ने बनाया प्लान

## अब सभी जिलों में प्रत्येक सप्ताह लगेगा रोजगार मेला



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने हर हाथ को काम के संकल्प के साथ बड़े पैमाने पर युवाओं को रोजगार देने की योजना बनाई है। सेवायोजन विभाग की ओर से प्रदेश के 18 मंडल मुख्यालयों पर प्रति माह रोजगार मेले को आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही विभाग की ओर से हर जिले में प्रत्येक सप्ताह रोजगार मेला आयोजित होगा।

योगी सरकार की इस मुहिम से रोजगार मेले में सभी रोजगार-स्वरोजगार सृजन करने वाले विभागों के भाग लेने से एक ही स्थल पर बेरोजगार युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अधिक अवसर मिल सकेंगे। औद्योगिक क्षेत्र की विशिष्टता के आधार पर इस आयोजन के लिए नोएडा और गाजियाबाद को अलग से चुना गया है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश में एक अप्रैल से 23 मई तक 197 लघु व वृहद रोजगार मेले में 13,811 बेरोजगारों को रोजगार दिया गया। विभाग की ओर से 31 मई तक 20,204 बेरोजगारों को रोजगार दिए जाने का लक्ष्य तय है। प्रदेश में 265 कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं। इस वृहद रोजगार मेले का आयोजन लखनऊ, आजमगढ़, अलीगढ़, सहारनपुर, अयोध्या, बस्ती, गाजियाबाद, झांसी, बांदा, आगरा, वाराणसी, प्रयागराज और गौतमबुद्धनगर में किया जा रहा है। ये मेले 24 से 30 मई तक आयोजित किए जाएंगे।


इस मेले में सभी रोजगार सृजन करने वाले विभागों के भाग लेने से एक ही स्थल पर बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर मिल सकेंगे।

हर कार्यालय में एक रोजगार हेल्प डेस्क बनाकर संबंधित विभाग की ओर से रोजगार, स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण व अप्रेंटिस के माध्यम से इससे जुड़े कार्यक्रमों का विवरण उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रशासनिक विभागों के तहत सभी निदेशालय, निगम, बोर्ड व आयोग आदि से संबंधित विभाग के लिए नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं।

इनके माध्यम से सेवायोजन पोर्टल पर उपलब्ध प्रारूपों पर अपनी सूचना उपलब्ध करायी जा रही है। सरकारी विभागों और उनसे अधीनस्थ संस्थाओं में मैनपावर लगाने के लिए सेवायोजन विभाग द्वारा संचालित सेवायोजन पोर्टल की मदद ली जा रही है।

## कविता

# कहै कबीर दीवाना-ओशो




जब तुमने व्यक्तियों के प्रेम का सुख जाना हो और उसकी पीड़ा भी। इसलिए मैं निरंतर कहता हूं, प्रेम करा। क्योंकि उस प्रेम के बिना तुम परमात्मा की तरफ जाओगे कैसे? वही प्रेम तुम्हें रस लगाएगा परमात्मा की तरफ जाने का। वही प्रेम तुम्हें व्यक्तियों से मुक्त होने की सुविधा भी देगा। प्रेम बड़ी अनूठी कला है।

लेकिन वस्तुओं से प्रेम मत करना, अन्यथा तुम अटके रह जाओगे व्यक्तियों से प्रेम करना। क्योंकि व्यक्तियों का प्रेम तुम्हें तृप्ति भी देगा और तृप्ति होने भी न देगा। यह खूबी है। व्यक्तियों का प्रेम तुम्हारे कंठ को भिगाएगा और प्यास को बुझाएगा भी नहीं। बल्कि प्यास और प्रज्वलित हो कर जलने लगेगी। व्यक्तियों का प्रेम एक ऐसी दुविधा देगा, ऐसे दोराहे पर खड़ा कर देगा, जहां से एक रास्ता तो वस्तुओं के प्रेम की तरफ जाता है, जहां परिग्रही गिरता है और भटकता है; वही नर्क है। **जारी...**

# ऐसा होना चाहिए आपका हेल्दी ब्रेकफास्ट

आप सुबह के ब्रेकफास्ट में जसि भी चीज का सेवन करेंगे उससे आपकी इम्यूनटिी बढ़ेगी और वेट कंट्रोल करने में मदद मलिगी। हेल्दी ब्रेकफास्ट में आप वटिामनि, मिनरल, फाइबर, ओमेगा 3 फैटी एसडि आदि को जरूर शामलि करें। चलएि जानते हैं हेल्दी ब्रेकफास्ट क्या होता है और आपको नाश्ते में कनि चीजों का सेवन करना चाहएि और क्या आपको अवॉइड करना चाहएि। इस वषिय पर बेहतर जानकारी के लएि हमने लखनऊ के वेलनेस डाइट क्लीनकि की डायटीशयिन डॉ स्मति सिंह से बात की। ब्रेकफास्ट सुबह का पहला मील होता है जो पूरे दनि आपके शरीर को एनर्जी देने का काम करता है, रात भर भूखे रहने के बाद दनि का पहला मील स्पेशल होता है। हेल्दी ब्रेकफास्ट का सेवन करने से वजन कंट्रोल करने में मदद मलिती है और ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल रहता है। अगर आपका ब्रेकफास्ट हेल्दी नहीं होगा तो आपका मेटाबॉलज्मि बगिड़ जाएगा और आपका वजन बढ़ने लगेगा। आपके ब्रेकफास्ट में सही मात्रा में प्रोटीन, वटिामनि, मनिरल, कॉर्ब्स  शामिल होने चाहएि।



# करण जौहर की पार्टी में इतनी ज्यादा साइट कट ड्रेस पहन पहुंची जाह्नवी कपूर



बॉलीवुड फिल्म मेकर करण जौहर के 50वें जन्मदिन के मोके पर पूरा इंडस्ट्री के खूबसूरत सितरों का जलवा देखने को मिला। सलमान खान, रणबीर कपूर, ऋतिक रोशन, कियारा आडवाणी, आयुष्मान खुराना, कटरीना कैफ, विकी कौशल समेत बॉलीवुड के कई सितारों ने शिरकत की। इस मौके पर हर किसी ने अपने ड्रेसिंग सेंस के जरिए फैंस और पैपराजी का ध्यान अपनी ओर खींचने की पूरी कोशिश की। करण जौहर की इस पार्टी की कई तस्वीरें और वीडियोज सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहे हैं।

हलांकि कई सितरों का लुक और ड्रेसिंग सेंस फैंस को रास नहीं आया है जिसकी वजह से उन्हें ट्रोल भी किया जा रहा है। वहीं लोगों का ध्यान सबसे ज्यादा पार्टी में जाह्नवी कपूर के कपड़ों ने खींचा। जाह्नवी इस पार्टी में बेहद ही बोल्ड ड्रेस पहन कर पहुंची। ये ड्रेस इतनी बोल्ड थी कि जाह्नवी डङ्गस्त्र२ टङ्गील्ल३ का शिकार तक हो गईं। यहां देखें जाह्नवी कपूर का एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर की लाइफ में करण जौहर का बेहद खास रोल है। करण ने ही जाह्नवी को बॉलीवुड में लॉन्च किया था। वहीं करण की बर्थडे पार्टी में जाह्नवी बेदह ही खास अंदाज में पहुंचीं। इस दौरान जाह्नवी की खुशी देखते ही बन रही थी। पार्टी में वह शिमरी ड्रेस में दिखीं लेकिन कई मौकों पर वह असहज भी हुईं। पार्टी से कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जिससे साफ है कि जाह्नवी इस शिमरी ड्रेस के चलते ऊप्स मोमेंट का भी शिकार हुईं। दरअसल, जाह्नवी की ये ड्रेस में साइड से इतनी ज्यादा कट था कि वह ऊप्स मोमेंट का शिकार हो गईं। इस दौरान जाह्नवी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस पर कमेंट कर यूजर्स उन्हें ट्रोल करते भी दिख रहे हैं। वहीं कई यूजर्स जाह्नवी को उर्फी जावेद से कंपेयर कर रहे हैं। तो कई ने उन्हें ठीक कपड़े पहनने की सहाल दी है। तो एक ने लिखा, ह्ययार इसका दर्जी कहां है।

# आइपीएल में ह्यशतक का किंग है आरसीबी CSK पांचवें नंबर पर तो टकटाप 5 से बाहर



आरसीबी की तरफ से आइपीएल 2022 का पहला शतक रजत पाटीदार ने लगाया। उन्होंने इस सीजन के एलिमिनेटर मुकाबले में लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ गजब की पारी खेली और अपनी टीम की इस अहम मैच में जीत में बड़ी भूमिका निभाई। इस सीजन में बेशक आरसीबी की तरफ से पहला शतक लगा, लेकिन आइपीएल में ये इस टीम की तरफ से 15वां शतक रहा। आरसीबी इस लीग में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में पहले नंबर पर है।

आइपीएल में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाली टीम आरसीबी है और अब तक इस टीम की तरफ से 15 शतक लग चुके हैं। वहीं इस लीग में जिस टीम की तरफ से सबसे ज्यादा लगाए गए हैं उसमें दूसरे स्थान पर पंजाब किंग्स हैं और इस टीम की तरफ से 13 शतक लगे हैं। तीसरे स्थान पर 12 शतक के साथ राजस्थान रायल्स तीसरे स्थान पर है। दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से अब तक 10 शतक लगे हैं और वो चौथे स्थान पर है जबकि 9 शतक के साथ चेन्नऊ सुपर किंग्स पांचवें नंबर पर है। सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस टाप 5 में नहीं है और इस टीम की तरफ से पिछले 15 सीजन में सिर्फ 4 शतक लगे हैं।

आरसीबी की तरफ से पहला शतक साल 2009 में मनीष पांडे ने लगाया था और डेक्कन चार्जर्स के खिलाफ नाबाद 114 रन की पारी खेली थी। वहीं इस टीम की तरफ से क्रिस गेल ने 5 शतक लगाए हैं और सबसे बड़ी शतकीय पारी इस टीम के लिए खेलने वाले बल्लेबाज भी गेल ही हैं। गेल ने साल 2013 में पुणे वारियर्स इंडिया के खिलाफ नाबाद 175 रन की पारी खेली थी। आरसीबी के लिए एबी डिविलियर्स ने 2, विराट कोहली ने 5, देवदत्त पडीक्कल ने एक, रजत पाटीदार ने एक शतक लगाया है।

# केएल राहुल ने तोड़ा विस्फोटक क्रिस गेल का रिकार्ड, हार के बाद भी रचा इतिहास



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में नई टीम लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी करने उतरे केएल राहुल की टीम को एलिमिनेटर में हार मिली। रायल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ कोलकाता के इडेन गार्डन्स मैदान पर टीम को 14 रन से हार मिली और उसके टूर्नामेंट जीतने का सपना टूट गया। इस मैच में कप्तान राहुल ने 79 रन की पारी खेले लेकिन टीम को जीत नहीं दिला पाए। लखनऊ की टीम ने एलिमिनेटर में टास जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी और आरसीबी ने रजत पाटीदार के तूफानी शतक के दम पर 207 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में लखनऊ की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 193 रन तक ही पहुंच पाई। 14 रन से मुकाबला हारने के साथ ही टीम आइपीएल के 15वें सीजन से बाहर हो गई। धमाकेदार फार्म में चल रहे राहुल ने पिछले तीन सीजन में लगातार 500 से ज्यादा रन बनाए हैं। इस सीजन में उनके नाम 15 मुकाबले के बाद 616 रन बनाए जिसमें दो शतकीय पारी शामिल रही।

# नीलामी में किसी ने नहीं खरीदा था

## रजत पाटीदार ने प्लेआफ में तूफानी शतक के बाद दिया बयान



नई दिल्लीः इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में अब महज दो मुकाबले और बचे हैं। प्लेआफ में पहुंची चार में से एक टीम गुजरात फाइनल में पहुंच चुकी है जबकि बैंगलोर और राजस्थान को क्वालीफायर 2 में खेलना है। बुधवार को आइपीएल 2022 के एलिमिनेटर में बैंगलोर ने बल्लेबाज रजत पाटीदार के धमाकेदार शतक के दम पर लखनऊ के खिलाफ बड़ा स्कोर बनाया। 112 रन की नाबाद पारी खेलने वाले इस बल्लेबाज को प्लेयर आफ द मैच चुना गया।कोलकाता के इडेन गार्डन्स मैदान पर बुधवार को आइपीएल 2022 के एलिमिनेट में बैंगलोर की टीम ने लखनऊ के खिलाफ 14 रन की जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही उसने क्वालीफायर 2 का टिकट पक्का कर लिया जहां उसका सामना क्वालीफायर 1 में गुजरात से हारने वाली राजस्थान की टीम के साथ होगा। इस मैच के हीरो रहे रजत पाटीदार कमाल की बात यह है कि उनको इस साल हुए आइपीएल के मेगा आक्शन में किसी टीम ने नहीं खरीदा था।

# राहुल त्रिपाठी सहित इन अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों के लिए यादगार रहा आइपीएल 2022 का सीजन

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन का लीग स्टेज मैच खत्म हो चुके हैं। हर बार की तरह इस बार भी आइपीएल में कुछ युवा अनकैप्ड खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से इस आइपीएल को यादगार बना दिया। इन खिलाड़ियों में सबसे ऊपर हैं मुंबई इंडियंस के लिए पहली बार आइपीएल खेल रहे तिलक वर्मा जिन्होंने अपनी बल्लेबाजी से न केवल अपनी एक अलग पहचान बनाई बल्कि जब रोहित शर्मा और काइरोन पोलार्ड जैसे बल्लेबाज रन के लिए संघर्ष कर रहे तब मुंबई के लिए हर मैच में रन



बनायातिलक वर्मा- उनकी टीम मुंबई के लिए यह सीजन भले ही सबसे खराब रहा लेकिन जब बात तिलक वर्मा की बल्लेबाजी की होगी तो वो इस सीजन को कभी भी भूल नहीं पाएंगे। तिलक वर्मा ने इस सीजन में मुंबई के लिए 14 मैचों में 36.09 की औसत और 131.02 की स्ट्राइक रेट से 397 रन बनाए जिसमें उनका सर्वाधिक स्कोर 61 रन था। अभिषेक वर्मा-सनराइजर्स हैदराबाद के लिए यह सीजन उतना खास नहीं रहा

# सपा नेता अबू आजमी का निशाना, कहा- डर गए हैं राज ठाकरे

## यूपी के किसी शहर में जाने की हिम्मत नहीं



**मुंबई:** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अबू आजमी ने दावा किया है कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने अपनी अयोध्या यात्रा इसलिए स्थगित कर दी क्योंकि वह डर गए थे। अब वह उत्तर प्रदेश के शहर में नहीं जाएंगे, क्योंकि उनमें हिम्मत नहीं है।

महाराष्ट्र सपा प्रमुख अबू आजमी ने रविवार को पुणे में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि राज ठाकरे की जल्द ही होने वाली सर्जरी के बारे में टिप्पणी अयोध्या यात्रा को टालने का एक बहाना था। ठाकरे की पार्टी ने पूर्व में महाराष्ट्र में उत्तर भारतीयों के खिलाफ कथित रूप से हिंसक विरोध प्रदर्शन किया था। अब उनके द्वारा बोई गई नफरत का जवाब नफरत के साथ दिया जा रहा है। विशेष रूप से, भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने ठाकरे की अयोध्या यात्रा का विरोध किया था, जो पहले 5 जून को निर्धारित थी। राज ठाकरे ने पिछले हफ्ते घोषणा की थी कि उनकी अयोध्या यात्रा फिलहाल रोक दी गई है रविवार को पुणे में एक रैली को संबोधित करते हुए ठाकरे ने दावा किया कि उनकी प्रस्तावित अयोध्या यात्रा को लेकर चल रहे राजनीतिक घटनाक्रम उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं को कानूनी जाल में फंसाने के लिए एक चाल थी। इसलिए उन्होंने अपनी यात्रा को स्थगित करने का फैसला किया। मनसे प्रमुख ने यह भी खुलासा किया कि वह पैर और कमर में दर्द से पीड़ित थे और एक जून को कूल्हे की हड्डी की सर्जरी होनी है।

राज ठाकरे पर निशाना साधते हुए अबू आजमी ने कहा कि वह चिंतित हैं। उनकी राजनीति खत्म हो गई है। इसके साथ ही आजमी ने दावा किया कि कोई भी मनसे नेता अब उनको महत्व नहीं देता है। वह अब अयोध्या नहीं जाएंगे। क्योंकि उनमें हिम्मत नहीं है। उत्तर प्रदेश की भूमि हिंदुओं के लिए पवित्र है।

URGENTLY REQUIRED FEMALE STAFF

VACANCY VACANCY

ICON OPTICAL GALLERY



Urgently Required Female Staff Accountant Cum Sales Girl For Counter Sell.

Note : Must Have Computer Operating Knowledge

Contact Us : 9819292152

Shop No. 52, R.N.A. Arcade, Lokhandwala Complex, Andheri (West), Mumbai - 400 053

murtaza12152@yahoo.com

TASNEEM COLLECTION

Online Shopping Hub

Only of Ladies Bags, Kurtis, Accessories

Kitchen & Household items



Baby products

Plastic items

And much more......all under one roof

Best business apportunity for housewives to become reseller & earn at zero investment

Farida Rampurawala : 8898065152

RH 1, C 26 row house number, Swamy Ayyappam temple road, Sector. 8, New Mumbai, Vashi-400 703

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक – मुर्तुजा मामाजीवाला के द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. 4, ग्राउंड फ्लोअर, एन. के इंडस्ट्रिअल इस्टेट, ऑफ आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रिअल इस्टेट के पास, गेट नं. 2, गोरेगाव (पूर्व),मुंबई - 400063 से मुद्रित कर शिव वातुक सेना कासिम नगर नियर लक्ष्मी इस्टेट न्यू लिंक रोड, अंधेरी (प), मुंबई -400053 प्रकाशित। संपादक: मुर्तुजा मामाजीवाला मों. 9819199997

T.C. NO. MAHHIN10172 ईमेल: newsicon2021@gmail.com newsicon.net